पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में झण्डारोहण किया

विधान भवन के समक्ष ली परेड की सलामी

राजभवन में राज्यपाल की ओर से किया गया स्वल्पाहार का आयोजन

लखनऊः 26 जनवरी, 2018

लखनऊ में आज 69वाँ गणतंत्र दिवस पूरे धूमधाम एवं उल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने राजभवन में ध्वजारोहण करके 35वीं बटालियन पी0ए0सी0 का अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर उपस्थित राजभवन के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं सुरक्षाकर्मियों से राज्यपाल ने भेंट की तथा गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

राजभवन में ध्वजारोहण के पश्चात् राज्यपाल ने विधान भवन के समक्ष गणतंत्र दिवस परेड की सलामी ली व परेड का अवलोकन किया। परेड का आयोजन लखनऊ जिला प्रशासन द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री डाॅ0 दिनेश शर्मा, मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्य, स्थानीय सांसद, विधायक, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं सेना के अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित थे।

परेड में सेना, पुलिस, पी0ए0सी0, होमगार्डस, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया गया तथा विभिन्न विभागों एवं विद्यालयों द्वारा झांकी भी निकाली गयी। प्रदेश के स्थानीय कलाकारों के साथ महाराष्ट्र, अरूणांचल प्रदेश तथा अन्य राज्यों से आये कलाकारों ने भी समूह नृत्य व अन्य प्रस्तुतियाँ दी। कार्यक्रम में पी0ए0सी0 की 35वीं बटालियन द्वारा राष्ट्रगान बजाया गया।

श्री नाईक ने राजभवन में तैनात मुख्य आरक्षी श्री राणा प्रताप सिंह (पी0एस0ओ0), श्री करतार सिंह (कमाण्डो), श्री गया प्रसाद मौर्य (एम0टी0) एवं श्री रामनिवास यादव (फायर) को सराहनीय सेवा के लिए मिले पुलिस पदक की बधाई दी तथा उनका उत्साहवर्द्धन किया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में राज्यपाल श्री राम नाईक की ओर से स्वल्पाहार का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री डाॅ0 दिनेश शर्मा, मंत्री श्री आशुतोष टण्डन, मंत्री डाॅ0 रीता बहुगुणा जोशी व मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्य, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरू, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व उनके परिजन, शहीदों के परिजन, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं सेना के अधिकारी, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर विशेष रूप से कुष्ठ आश्रम के निवासियों को भी आमंत्रित किया था।

अंजुम/ललित/राजभवन (35/35)

राजभवन के स्वल्पाहार कार्यक्रम में ए0डी0सी0 स्क्वा0लीडर प्रवीण भौरिया का पुत्र अरणव आई0पी0एस0 की वेशभूषा में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से भेंट करते हुये।